# अधीक्षण अभियंता का कार्यालय,
## भोजपुर पथ अंचल, पथ निर्माण विभाग, आरा।

Mob. No. - +91 9470001337 E-mail ID – sercdbhojpur@gmail.com


**दिनांक 13.08.2024 को अधीक्षण अभियंता, भोजपुर पथ अंचल, आरा द्वारा पथ प्रमंडल, डेहरी ऑन सोन एवं भभुआ अन्तर्गत विभिन्न पथों का निरीक्षण प्रतिवेदन :–**

उपस्थित पदाधिकारीगण:– (1) श्री प्रभाकर, कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, डेहरी ऑन सोन।
(2) श्री संजीव कुमार, कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमण्डल, भभुआ ।
(3) श्री अमितेष कुमार, सहायक अभियंता, पथ अवर प्रमंडल, भभुआ–1
(4) श्री अनिल कुमार, सहायक अभियंता, पथ अवर प्रमंडल, पिपराडीह।
(5) श्री नुरूल इस्लाम, कनीय अभियंता, पथ प्रमंडल, डेहरी ऑन सोन।
(6) श्री ब्रज बिहारी, कनीय अभियंता, पथ प्रमंडल, डेहरी ऑन सोन।
(7) श्री मुकेश कुमार, कनीय अभियंता, पथ प्रमंडल, भभुआ।
(8) श्री गौरव शर्मा, संवेदक।

1. **अकबरपुर–अधौरा वन पथ (पार्ट–A) के कि0मी0 0.00 (अकबरपुर) से 32.75 (दुर्गावती नदी खण्ड) तक पथ :–**

(a) प्रशासनिक स्वीकृति की राशि :–रू0 11862.44 लाख।
(b) तकनीकी स्वीकृति की राशि :–रू0 12224.55 लाख।
(c) एकरारनामा की राशि :–रू0 10444.40 लाख।
(d) कार्य प्रारम्भ करने की तिथि :– 10.06.2023
(e) कार्य समाप्ति की तिथि :– 09.06.2025

यह वन पथ परियोजना NABARD वित्त संपोषित है, इस पथ की लम्बाई 32.75 कि0मी0 है, जिसमें 125 मी0 (5X25m) लम्बाई में 13.66 मी0 की चौड़ाई, 4700 मी0 (घाटी एवं पहाड़ी क्षेत्र) लम्बाई में 6.00 मी0 की चौड़ाई एवं शेष 27883 मी0 लम्बाई में 9.16 मी0 की चौड़ाई में G.S.B किया जाना है तथा WMM एवं Bituminous Cold Mix कार्य 3.75 मी0 चौड़ाई में किया जाना है। इस पथ का निर्माण कार्य संवेदक मेसर्स निरंजन शर्मा, बेलन बाजार, मुंगेर–811201 को आवंटित किया गया है, इस पथ में कुल 81 अदद पुल–पुलिया, 02 अदद Watch Tower, 05 अदद Check Naka एवं घाटी क्षेत्र के 4700 मी0 में Protection Wall एवं Drain प्रस्तावित है।

1. पथ के प्रथम कि0मी0 एवं अंतिम बिन्दु 33वें कि0मी0 में पथ के निर्माण कार्य से संबंधित सूचना पट्ट एवं घाटी क्षेत्र में वर्षा के दौरान संभावित भूस्खलन से संबंधित सूचना पट्ट नहीं पाया गया। कार्यपालक अभियंता एवं संवेदक को पथ के प्रथम एवं अंतिम कि0मी0 में Informatory Board एवं घाटी क्षेत्र में Cautionary Board लगाने का निदेश दिया गया।
2. पथ के कि0मी0 9.80 से 14.50 तक घाटी क्षेत्र में कई जगहो पर वर्षा का पानी एवं Hill Side से आने वाले पानी का बहाव पथ क्रस्ट से होने के कारण कुछ जगहो पर पथ क्रस्ट का कटाव हुआ पाया गया। कार्यपालक अभियंता एवं संवेदक को पानी के बहाव को पथ से न होकर Hill Side से सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। साथ ही घाटी क्षेत्र में Hill Side से होकर बहने वाले पानी का अत्यधिक दबाव को कम करने हेतु आवश्यकतानुसार Cross Drain का निर्माण कर Valley Side में गिराने हेतु कार्यपालक अभियंता एवं संवेदक को निदेश दिया गया।
3. पथ में कही–कही पर वर्षा के पानी का बहाव पथ क्रस्ट से हो रहा है, जिसके कारण कुछ जगहो पर Laying किये गये GSB एवं WMM का कटाव हुआ पाया गया। कार्यपालक अभियंता एवं संवेदक को उक्त जगहो पर मरम्मति करने के साथ Flank का मिट्टी काटकर पानी के बहाव को Divert करने का निदेश दिया गया।
4. संवेदक द्वारा बताया गया कि घाटी क्षेत्र के तीव्र घुमाव एवं Steep Slope वाले भाग में वर्षा के दिनों में कई जगहो पर पानी के तीव्र बहाव से निर्माण किये जाने वाले Bituminous Cold Mix का क्षतिग्रस्त होने की सम्भावना है, उक्त स्थल को चिन्हित कर PQC करने की आवश्यकता है। PQC कार्य कराने से पूर्व वन प्रमंडल पदाधिकारी, रोहतास वन प्रमंडल, सासाराम से सहमति/अनापत्ति प्राप्त कर उक्त कार्य का प्रस्ताव समर्पित करने हेतु कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया।

5. घाटी क्षेत्र मे स्वीकृत Hill Cutting कार्य के उपरान्त निकलने वाले Boulder का वन प्रमंडल पदाधिकारी, रोहतास वन प्रमंडल, सासाराम के निदेशानुसार Carriage कर पथ के 25वें कि0मी0 में अवस्थित वन विभाग के कैंपस मे भण्डारण किया हुआ पाया गया।
6. इस पथ में स्वीकृत Bituminous Cold Mix कार्य हेतु पथ के कि0मी0 24 (रेहल) में अधिष्ठापन किये गये Cold Mix Plant का निरीक्षण कर कार्यपालक अभियंता एवं संवेदक को आवश्यक दिशा–निदेश दिया गया।
7. कार्यपालक अभियंता द्वारा वन प्रमंडल, पदाधिकारी, सासाराम के परामर्श के आलोक में Cold Mix के अन्तर्गत DGBM कार्य को Cut Bitumen के स्थान पर emulsion से कराने हेतु प्रस्ताव समर्पित किया गया है। संवेदक द्वारा Trial Patch के अनुसार 400m मे DGBM का कार्य कि0मी0 5th में किया गया। प्रथम द्रष्टव्य Trail Patch का performance संतोषजनक पाया गया। दिनांक 09.08.2024 को सम्पन्न विभागीय समीक्षात्मक बैठक में दिये गये निदेश के आलोक में प्रस्ताव समर्पित करने का निदेश दिया गया।
8. इस पथ में चल रहे CD Works के निर्माण कार्य में विशिष्टियों का अनुपालन करते हुए स्वीकृत Design/Drawing के अनुसार कार्य कराने का निदेश कार्यपालक अभियंता एवं संवेदक को दिया गया। निरीक्षण के क्रम में इस पथ में कई जगहो पर स्वीकृत No. of CD works के विरूद्ध अतिरिक्त CD Works के निर्माण कार्य की आवश्यकता महसूस की गई। कार्यपालक अभियंता को आवश्यकतानुसार अतिरिक्त CD Works के निर्माण कार्य के स्थल को चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। साथ ही पथ में चल रहे CD Works के Diversion से सुचारू रूप से आवागमन हेतु नियमित रूप से मरम्मति करने का निदेश संवेदक को दिया गया।
9. वन विभाग के सशर्त अनुमति पत्र के साथ समय–समय पर दिये गये दिशा–निदेशों एवं विभागीय निदेशों का अनुपालन करते हुए सभी कार्य को गुणवत्तापूर्वक एवं विशिष्टियों के अनुरूप सम्पादित करने हेतु निपुण कार्य बल एवं आवश्यकतानुसार अतिरिक्त संसाधन लगाकर कार्य को समय–सीमा के अन्दर पूर्ण करने का निदेश संवेदक को दिया गया।

**2. <u>अकबरपुर–अधौरा वन पथ (पार्ट–B) के कि0मी0 32.75 (दुर्गावती नदी) से 50.813 (अधौरा) तक पथ :–</u>**

(a) प्रशासनिक स्वीकृति की राशि :–रू0 5614.72 लाख।
(b) तकनीकी स्वीकृति की राशि :–रू0 5281.32651 लाख।
(c) एकरारनामा की राशि :–रू0 4809.70189 लाख।
(d) कार्य प्रारम्भ करने की तिथि :– 26.07.2023
(e) कार्य समाप्ति की तिथि :– 25.04.2025

यह वन पथ परियोजना NABARD वित्त संपोषित है, इस पथ की लम्बाई 18.063 कि0मी0 है तथा घाटी युक्त पहाडी क्षेत्र है। इस पथ का निर्माण कार्य संवेदक मेसर्स निरंजन शर्मा, बेलन बाजार, मुंगेर–811201 को आवंटित किया गया है, इस पथ मे कुल 28 अदद पुल–पुलिया, 02 अदद Watch Tower, 02 अदद Check Naka प्रस्तावित है।

1. पथ के 33वें कि0मी0 एवं अंतिम बिन्दु 51वें कि0मी0 में पथ के निर्माण कार्य से संबंधित सूचना पट्ट एवं घाटी क्षेत्र में वर्षा के दौरान संभावित भूस्खलन से संबंधित सूचना पट्ट नहीं पाया गया। कार्यपालक अभियंता एवं संवेदक को पथ के प्रथम एवं अंतिम कि0मी0 मे Informatory Board एवं घाटी क्षेत्र में Cautionary Board लगाने का निदेश दिया गया।
2. पथ के कि0मी0 32.75 से 50.813 तक घाटी क्षेत्र मे कई जगहो पर वर्षा का पानी एवं Hill Side से आने वाले पानी का बहाव पथ क्रस्ट से होने के कारण कुछ जगहो पर पथ क्रस्ट का कटाव हुआ पाया गया। कार्यपालक अभियंता एवं संवेदक को पानी के बहाव को पथ से न होकर Hill Side से सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। साथ ही घाटी क्षेत्र में Hill Side से होकर बहने वाले पानी का अत्यधिक दबाव को कम करने हेतु आवश्यकतानुसार Cross Drain का निर्माण कर Valley Side में गिराने हेतु कार्यपालक अभियंता एवं संवेदक को निदेश दिया गया।
3. पथ में कहीं–कहीं पर वर्षा के पानी का बहाव पथ क्रस्ट से हो रहा है, जिसके कारण कुछ जगहो पर Laying किये गये GSB एवं WMM का कटाव हुआ पाया गया। कार्यपालक अभियंता एवं संवेदक को उक्त जगहो पर मरम्मति करने के साथ Flank का मिट्टी काटकर पानी के बहाव को Across the Road Divert करने का निदेश दिया गया।

4. कार्यपालक अभियंता द्वारा वर्तमान PQC वाले अंश में DBM, BC के स्थान पर 150mm का PQC करने का प्रस्ताव दिया गया तथा 1m चौड़ाई वाले Hard Shouldering के जगह पर Paver Block लगाने की आवश्यकता बतायी गयी। उक्त के आलोक में प्रस्ताव समर्पित करने हेतु कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया।

5. संवेदक द्वारा बताया गया कि वन प्रमंडल पदाधिकारी द्वारा Cold Mix के अन्तर्गत DGBM कार्य को Cut Back Bitumen के स्थान पर emulsion से कराने हेतु निदेशित किया गया है। संवेदक द्वारा Trial Patch के अनुसार 400m में DGBM का कार्य कि0मी0 41वें में किया गया। प्रथम द्रष्टव्य Trial Patch का Performance संतोषजनक पाया गया। दिनांक 09.08.2024 को सम्पन्न विभागीय समीक्षात्मक बैठक में दिये गये निदेश के आलोक में IIT पटना से Mix Design करा कर प्रस्तावित समर्पित करने का निदेश दिया गया।

6. कार्यपालक अभियंता द्वारा CD Works के Approach में सुरक्षा के दृष्टिकोण से Metal Crash Barrier लगाने की आवश्यकता बतायी गयी। उक्त के आलोक में प्रस्ताव समर्पित करने हेतु कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया। (अनुपालन पथ प्रमंडल, डेहरी ऑन सोन सहित)।

7. इस पथ में चल रहे CD Works के निर्माण कार्य में विशिष्टियों का अनुपलन करते हुए स्वीकृत Design/Drawing के अनुसार कार्य कराने का निदेश कार्यपालक अभियंता एवं संवेदक को दिया गया। निरीक्षण के क्रम में इस पथ मे कई जगहो पर स्वीकृत No. of CD works के विरूद्ध अतिरिक्त CD Works के निर्माण कार्य की आवश्यकता महसूस की गई। कार्यपालक अभियंता को आवश्यकतानुसार अतिरिक्त CD Works के निर्माण कार्य के स्थल को चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। साथ ही पथ में चल रहे CD Works के Diversion से सुचारू रूप से आवागमन हेतु नियमित रूप से मरम्मति करने का निदेश संवेदक को दिया गया।

8. वन विभाग के सर्शत अनुमति पत्र के साथ समय–समय पर दिये गये दिशा–निदेशों एवं विभागीय निदेशों का अनुपालन करते हुए सभी कार्य को गुणवत्तापूर्वक एवं विशिष्टियों के अनुरूप सम्पादित करने हेतु निपुण कार्य बल एवं आवश्यकतानुसार अतिरिक्त संशाधन लगाकर कार्य को समय–सीमा के अन्दर पूर्ण करने का निदेश संवेदक को दिया गया।

19/08/24

अधीक्षण अभियंता
भोजपुर पथ अंचल, आरा।
19/08/24

ज्ञापांक 849 / दिनांक 19.8.2024

प्रतिलिपि :– (1) अभियंता प्रमुख (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना,
(2) मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना,
(3) मुख्य अभियंता, (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना को सूचनार्थ समर्पित।

19/08/24

अधीक्षण अभियंता
भोजपुर पथ अंचल, आरा।
19/08/24

ज्ञापांक 849 / दिनांक 19.08.2024

प्रतिलिपि :– कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, डेहरी ऑन सोन एवं भभुआ को सूचनार्थ एवं निरीक्षण प्रतिवेदन में दिये गये निर्देश के आलोक में आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

19/08/24

अधीक्षण अभियंता
भोजपुर पथ अंचल, आरा।
19/08/24